# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

(नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्रमाणित)

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र)

**Website :** hindivishwa.org

# विद्या-परिषद की

# 33वीं बैठक का कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| दिनांक | : | 19 अगस्त, 2020 (बुधवार) |
| समय | : | पूर्वाह्न 11:00 बजे |
| स्थान | : | ग़ालिब सभागार<br>विश्वविद्यालय परिसर, वर्धा |



ज्ञान शान्ति मैत्री

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

## विद्या–परिषद की 33वीं बैठक का कार्यवृत्त

**दिनांक** : 19.08.2020 (बुधवार)

**समय** : पूर्वाह्न 11:00 बजे

**स्थान** : ग़ालिब सभागार, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा

---


| मद सं. | विवरण | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| | विद्या–परिषद में नए सदस्यों का नामांकन एवं स्वागत | 3 |
| 1. | विद्या–परिषद की 32वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि | |
| 2. | कार्योत्तर स्वीकृति हेतु प्रस्ताव | |
| 3. | सत्र 2020–21 में पी–एच.डी., एम.बी.ए., बी.एड. एवं एम.एड. पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा का आयोजन | 4 |
| 4 | सत्र 2021–22 से स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु केंद्रीय विश्वविद्यालय एकीकृत प्रवेश परीक्षा (Central Universities Common Entrance Test) में सहभागिता का प्रस्ताव | 5 |
| 5. | शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति हेतु ऑनलाइन साक्षात्कार का आयोजन | |
| 6. | चयन प्रक्रिया के लिए विषय विशेषज्ञों की सूची को अद्यतन करना | |
| 7. | विभिन्न विद्यापीठों के स्कूल बोर्ड द्वारा की गई संस्तुतियों पर विचार<br>1. संस्कृति विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की 20वीं बैठक का कार्यवृत्त<br>2. शिक्षा विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की 09वीं बैठक का कार्यवृत्त<br>3. मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की 13वीं बैठक का कार्यवृत्त | 6 |
| 8. | 'विज्ञान विद्यापीठ', 'तकनीकी विद्यापीठ' एवं 'संचार एवं मीडिया विद्यापीठ' के गठन की पुनरीक्षा | |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | **अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय**<br>1. विश्वविद्यालय में लागू च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (CBCS) में संशोधन, सामान्य समय–सारिणी (Common Time Table), कार्यभार (Work Load) का आंकलन एवं कक्षाओं के आबंटन (Class Space Allocation) आदि को अकादमिक कैलेंडर की संगति में तैयार करने के लिए गठित समिति की रिपोर्ट का अनुमोदन<br>2. विद्यार्थी प्रतिनिधियों से प्राप्त सुझाव<br>अ. विश्वविद्यालय में विनोबा भावे पीठ (चेयर) के निर्माण हेतु अनुमति<br>ब. National Institutional Ranking Framework (NIRF) में विश्वविद्यालय अपना स्थान क्यो नहीं बना पाया इसके कारणों की समीक्षा एवं आगामी तैयारी की स्थिति | 7–8 |

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

## विद्या–परिषद की 33वीं बैठक का कार्यवृत्त

विद्या–परिषद की 33वीं बैठक कुलपति की अध्यक्षता में दिनांक 19.08.2020 (बुधवार) को पूर्वाह्न 11.00 बजे साहित्य विद्यापीठ के ग़ालिब सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में निम्नानुसार उपस्थिति थी:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल | कुलपति एवं अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल | प्रतिकुलपति<br>अधिष्ठाता, भाषा विद्यापीठ<br>अधिष्ठाता, अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ<br>निदेशक : विदेशी भाषा एवं अंत. अ. केंद्र |
| 3. | प्रो. चंद्रकांत एस. रागीट | प्रतिकुलपति |
| 4. | प्रो. मनोज कुमार | अधिष्ठाता, शिक्षा विद्यापीठ<br>अधिष्ठाता, प्रबंधन विद्यापीठ<br>अधिष्ठाता, विधि विद्यापीठ<br>कुलानुशासक<br>निदेशक, म.गां.फ्यु.गुरूजी सामाजिक कार्य अ. केंद्र |
| 5. | प्रो. प्रीति सागर | अधिष्ठाता, साहित्य विद्यापीठ<br>विभागाध्यक्ष, हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग<br>विभागाध्यक्ष, प्रदर्शनकारी कला विभाग |
| 6. | प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी | अधिष्ठाता, संस्कृति विद्यापीठ<br>विभागाध्यक्ष, स्त्री अध्ययन विभाग<br>निदेशक, भ.आं.कौ.बौद्ध अध्ययन केंद्र |
| 7. | प्रो. कृपाशंकर चौबे | अधिष्ठाता, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ<br>विभागाध्यक्ष, जनसंचार विभाग<br>विभागाध्यक्ष, मानव विज्ञान विभाग<br>विभागाध्यक्ष, इतिहास, राजनीति विज्ञान एवं समाजशास्त्र विभाग |
| 8. | प्रो. अनिल कुमार राय | प्रोफेसर, जनसंचार विभाग |
| 9. | प्रो. कृष्ण कुमार सिंह | प्रोफेसर, हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | प्रो. फरहद मलिक | प्रोफेसर, मानव विज्ञान विभाग |
| 11. | प्रो. अवधेश कुमार | प्रोफेसर एवं अधिष्ठाता, छात्र कल्याण |
| 12. | प्रो. अखिलेश कुमार दुबे | प्रोफेसर एवं अकादमिक निदेशक, क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराज **(ऑनलाइन)** |
| 13 | प्रो. विजय कुमार कौल | निदेशक, सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र **(ऑनलाइन)** |
| 14. | डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर | विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग |
| 15. | डॉ. शिरीष पाल सिंह | विभागाध्यक्ष, मनोविज्ञान एवं प्रबंधन विभाग |
| 16. | डॉ. मनोज कुमार राय | विभागाध्यक्ष, गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग |
| 17. | डॉ. रविंद्र तु. बोरकर | विभागाध्यक्ष, वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग |
| 18. | प्रो. अवधेश प्रधान | बाह्य–विशेषज्ञ **(ऑनलाइन)** |
| 19. | प्रो. गोविंद प्रसाद शर्मा | बाह्य–विशेषज्ञ **(ऑनलाइन)** |
| 20. | प्रो. कुमुद शर्मा | बाह्य–विशेषज्ञ **(ऑनलाइन)** |
| 21 | प्रो. राज नारायण शुक्ल | बाह्य–विशेषज्ञ **(ऑनलाइन)** |
| 22. | डॉ. ओमप्रकाश भारती | एसोशिएट प्रोफेसर, प्रदर्शनकारी कला विभाग **(ऑनलाइन)** |
| 23. | डॉ. रामानुज अस्थाना | एसोशिएट प्रोफेसर, हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग |
| 24. | डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी | एसोशिएट प्रोफेसर, हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग |
| 25. | डॉ. एच.ए.हुनगुंद | एसोशिएट प्रोफेसर, भाषा विज्ञान एवं भाषा प्रौद्योगिकी विभाग |
| 26. | डॉ. अनिर्वाण घोष | सहायक प्रोफेसर, विदेशी भाषा एवं अंतरराष्ट्रीय अ.कें. |
| 27. | श्री शरद जायसवाल | सहायक प्रोफेसर, स्त्री अध्ययन विभाग |
| 28. | डॉ. बीर पाल सिंह यादव | सहायक प्रोफेसर, हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग |
| 29. | डॉ. अख्तर आलम | सहायक प्रोफेसर, जनसंचार विभाग |
| 30. | डॉ. अरिमर्दन कुमार त्रिपाठी | भूतपूर्व विद्यार्थी प्रतिनिधि **(ऑनलाइन)** |
| 31. | डॉ. उमा यादव | भूतपूर्व विद्यार्थी प्रतिनिधि **(ऑनलाइन)** |
| 32. | श्री वैभव उपाध्याय | छात्र प्रतिनिधि |
| 33. | श्री गौरव कुमार | छात्र प्रतिनिधि |
| 34. | श्री क़ादर नवाज़ ख़ान | कुलसचिव एवं पदेन सचिव |

शेष सदस्य अपरिहार्य कारणवश बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

**विद्या–परिषद के सहयोग के लिये अधोलिखित अधिकारी उपस्थित रहे :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री सुशील पखिडे | सहायक कुलसचिव |
| 2. | डॉ. राजेश्वर सिंह | सहायक कुलसचिव |
| 3. | श्री राजेश अरोड़ा | सहायक कुलसचिव |

4. डॉ. ज्योतिष पायेङ सहायक कुलसचिव
5. श्री विनोद वैद्य सहायक कुलसचिव
6. श्री के.के.त्रिपाठी सहायक कुलसचिव

**विद्या–परिषद में नए सदस्यों का नामांकन एवं स्वागत**

विद्या–परिषद में विश्वविद्यालय अधिनियम के परिनियम 14(1) (k) के अंतर्गत एक अकादमिक वर्ष के लिए दो विद्यार्थी प्रतिनिधि (एक शोधार्थी तथा एक स्नातकोत्तर विद्यार्थी) नामित करने का प्रावधान है। अकादमिक वर्ष 2019–20 के लिए नामित विद्यार्थी प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त होने तथा कोरोना (कोविड–19) के प्रकोप के कारण विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया लंबित होने के परिप्रेक्ष्य में श्री वैभव उपाध्याय, शोधार्थी, पी–एच.डी. जनसंचार विभाग और श्री गौरव कुमार, स्नातकोत्तर विद्यार्थी (एम.एस.डब्ल्यु) को ही अकादमिक वर्ष 2020–21 के लिए विद्यार्थी प्रतिनिधि के रूप में पुनः नामित किया गया है।

**सदस्यों की नियुक्ति से विद्या–परिषद अवगत हुयी, नव–नियुक्त सदस्यों का स्वागत किया गया।**

**मद संख्या–1**

**32वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि**

विद्या–परिषद की दिनांक 27 अप्रैल, 2020 को संपन्न 32वीं बैठक कार्यवृत्त और निर्णयों के अनुसरण में की गई कार्रवाई का विद्या–परिषद ने संज्ञान लिया तथा कार्यवृत्त की पुष्टि की।

**मद संख्या–2**

**कार्योत्तर स्वीकृति हेतु प्रस्ताव**

**1. सत्र 2020–21 हेतु विवरणिका, प्रचार प्रसार सामग्री में किये गये संशोधन की स्वीकृति**

विश्वविद्यालय में सत्र 2020–21 में प्रवेश हेतु विवरणिका एवं प्रवेश प्रचार–प्रसार सामग्री का प्रारूप तैयार कर विज्ञापन एवं सामग्री प्रसारित की गई है। प्रवेश विवरणिका 2020–21 एवं प्रवेश प्रचार–प्रसार सामग्री 2020–21 विद्या–परिषद की कार्योत्तर स्वीकृति हेतु प्रस्तुत है।

**निर्णय : विद्या–परिषद द्वारा कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी।**

**2. अकादमिक कैलेंडर 2020–21, आरक्षण एवं सीटों के निर्धारण हेतु गठित समिति का प्रतिवेदन**

विश्वविद्यालय द्वारा अकादमिक कैलेण्डर (सत्र 2020–21), आरक्षण एवं सीटों के निर्धारण हेतु प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल, प्रतिकुलपति के पर्यवेक्षण में समिति का गठन किया गया था, समिति से प्राप्त प्रतिवेदन विद्या–परिषद की कार्योत्तर स्वीकृति हेतु प्रस्तुत है।

**निर्णय : विद्या–परिषद द्वारा कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी।**

### 3. प्रश्न–पत्र निर्माणकर्ताओं के लिए मानदेय का निर्धारण

विश्वविद्यालय में प्रश्न–पत्र निर्माणकर्ताओं को प्रति प्रश्न–पत्र रू. 3000/– मानदेय के रूप में दिया जाता रहा है। जिस पाठ्यक्रम में एक विशेषज्ञ नामित है, उससे दो सेट प्रश्न–पत्रों का निर्माण कराया जाना है तथा जिस पाठ्यक्रम में दो विशेषज्ञ नामित है, उनसे एक–एक सेट प्रश्न–पत्र निर्माण कराया जाना है। इसके साथ ही पूर्व की भांति प्रश्न–पत्र निर्माणकर्ताओं को प्रति प्रश्न–पत्र रू. 3000/– मानदेय के रूप में दिए जाने का निर्णय लिया गया है। विद्या–परिषद की कार्योत्तर स्वीकृति हेतु प्रस्तुत।

**निर्णय : पूर्व की भाँति प्रश्न–पत्र निर्माणकर्ताओं को प्रति प्रश्न–पत्र रू. 3000/– मानदेय देने के निर्णय को विद्या–परिषद द्वारा कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी।**

### 4. एम.फिल. पाठ्यक्रम बंद करने के संबंध में

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी नयी शिक्षा नीति–2020 में एम.फिल. पाठ्यक्रम बंद किया गया है। उपर्युक्त के अनुसरण में विश्वविद्यालय में भी सत्र 2020–21 से एम.फिल. पाठ्यक्रम बंद किया गया एवं इस सत्र में एम.फिल. प्रवेश हेतु विज्ञापन जारी नहीं किया गया है। उपर्युक्त प्रस्ताव विद्या–परिषद की कार्योत्तर स्वीकृति हेतु प्रस्तुत।

**निर्णय : नयी शिक्षा नीति–2020 के अनुसरण में विश्वविद्यालय में सत्र 2020–21 से एम.फिल. पाठ्यक्रम बंद किये जाने के निर्णय को स्वीकृत प्रदान की गयी।**

## मद संख्या–3

### सत्र 2020–21 में पी–एच.डी., एम.बी.ए., बी.एड. एवं एम.एड. पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा का आयोजन

कोविड़–19 के प्रकोप के मद्देनज़र विश्वविद्यालय में सत्र 2020–21 में पी–एच.डी., एम.बी.ए., बी.एड. एवं एम.एड. पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा आयोजित की जानी है। प्रवेश परीक्षा में पूछे जानेवाले सभी प्रश्न–पत्र बहुविकल्पीय रखे जा सकते है। प्रश्न–पत्र में 50% प्रश्न शोध प्रविधि एवं 50% विषय से संबंधित रखना प्रस्तावित है। विद्या–परिषद के समक्ष निर्णयार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय : सत्र 2020–21 में पी–एच.डी., एम.बी.ए., बी.एड. एवं एम.एड. पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। पी–एच.डी. प्रवेश परीक्षा में 50% प्रश्न शोध प्रविधि एवं 50% विषय से संबंधित होंगे।**

मद संख्या–4

**सत्र 2021–22 से स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु केंद्रीय विश्वविद्यालय एकीकृत प्रवेश परीक्षा (Central University Common Entrance Test) में सहभागिता का प्रस्ताव**

विश्वविद्यालय में सत्र 2021–22 में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु केंद्रीय विश्वविद्यालय एकीकृत प्रवेश परीक्षा (CUCET) में सहभागिता करना प्रस्तावित है। विद्या–परिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय : सत्र 2021–22 से मात्र स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु केंद्रीय विश्वविद्यालय एकीकृत प्रवेश परीक्षा (Central University Common Entrance Test) में सहभागिता करने का निर्णय लिया गया।**

मद संख्या–5

**शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति हेतु ऑनलाइन साक्षात्कार का आयोजन**

विश्वविद्यालय में रिक्त शैक्षणिक पदों को भरने के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से लगातार पत्र प्राप्त हो रहे हैं। मानव संसाधन विकास मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त निर्देशों को ध्यान में रखते हुए शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति हेतु ऑनलाइन साक्षात्कार आयोजित किये जाने का प्रस्ताव विद्या–परिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय : कोरोना प्रकोप, शिक्षा मंत्रालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त निर्देशों को ध्यान में रखते हुए शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति हेतु ऑनलाइन साक्षात्कार आयोजित करने की स्वीकृति प्रदान की गयी।**

मद संख्या–6

**चयन प्रक्रिया के लिए विषय विशेषज्ञों की सूची को अद्यतन करना**

विश्वविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्षों से प्राप्त विषय विशेषज्ञों की सूची को प्रयोग में लाने हेतु विद्या–परिषद की 26वीं बैठक की मद संख्या 3 के तहत कुलपति को अधिकृत किया गया था। उपलब्ध विषय–विशेषज्ञों की सूची को प्रयोग में लाने तथा विभागाध्यक्षों से आगामी चयन प्रक्रिया हेतु विषय विशेषज्ञों की सूची आमंत्रित करने का निर्णय हेतु विद्या–परिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय : उपलब्ध विषय–विशेषज्ञों की सूची प्रयोग में लाने तथा आवश्यकतानुसार अधिष्ठाताओं/विभागाध्यक्षों/केंद्र निदेशकों से आगामी चयन प्रक्रिया हेतु विषय विशेषज्ञों की सूची आमंत्रित करने तथा उसके उपयोग के लिए कुलपति को अधिकृत किया गया।**

मद संख्या–7

**विभिन्न विद्यापीठों के स्कूल बोर्ड द्वारा की गई संस्तुतियों पर विचार**

1. संस्कृति विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की 20वीं बैठक का कार्यवृत्त

विश्वविद्यालय के संस्कृति विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की 20वीं बैठक दिनांक 04.08.2020 को संपन्न हुई। स्कूल बोर्ड की बैठक में की गई संस्तुतियों पर विचार हेतु बैठक का कार्यवृत्त अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय : संस्कृति विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड दिनांक 04.08.2020 को संपन्न 20वीं बैठक के कार्यवृत्त में की गई संस्तुतियों को स्वीकृति प्रदान की गयी।**

2. शिक्षा विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की दिनांक 14.08.2020 को संपन्न 9वीं बैठक का कार्यवृत्त

शिक्षा विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की दिनांक 14.08.2020 को संपन्न 9वीं बैठक में स्कूल बोर्ड द्वारा की गई संस्तुतियाँ विचारार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय : शिक्षा विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की दिनांक 14.08.2020 को संपन्न 9 वीं बैठक के कार्यवृत्त में की गई संस्तुतियों को स्वीकृति प्रदान की गयी।**

3. मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की दिनांक 14.08.2020 को संपन्न 13वीं बैठक का कार्यवृत्त

मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की दिनांक 14.08.2020 को संपन्न 13 वीं बैठक में स्कूल बोर्ड द्वारा की गई संस्तुतियाँ विचारार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय : मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के स्कूल बोर्ड की दिनांक 14.08.2020 को संपन्न 13 वीं बैठक के कार्यवृत्त में की गई संस्तुतियों से विद्या–परिषद अवगत हुई।**

मद संख्या–8

**'विज्ञान विद्यापीठ', 'तकनीकी विद्यापीठ' एवं 'संचार एवं मीडिया विद्यापीठ' के गठन की पुनरीक्षा**

विद्या परिषद की अनुशंसा को कार्य परिषद से अनुमोदन के अनुसरण में निम्नानुसार नए विद्यापीठों के गठन एवं तदनुसार विश्वविद्यालय के परिनियम–16(1) में संशोधन का प्रस्ताव माननीय कुलाध्यक्ष के अनुमोदन प्राप्ति हेतु मानव संसाधन विकास मंत्रालय को प्रेषित किए गए थे:

| विद्यापीठ का नाम | विद्या परिषद द्वारा अनुशंसा | कार्य परिषद द्वारा स्वीकृति | प्रेषित प्रस्ताव एवं स्मरण पत्र की तिथि |
|---|---|---|---|
| विज्ञान विद्यापीठ<br>तकनीकी विद्यापीठ | 22 वीं बैठक<br>दिनांक 14.03.2015 | 53 वीं बैठक<br>दिनांक 16.03.2015 | 18.09.2015<br>15.11.2016<br>11.01.2017 |
| संचार एवं मीडिया विद्यापीठ | 26 वीं बैठक<br>दिनांक 29.04.2017 | 58 वीं बैठक<br>दिनांक 02.05.2017 | 19.01.2018 |

उपर्युक्त संदर्भ में समय–समय पर स्मरण पत्र भी प्रेषित किए गए। चूंकि उक्त संबंध में जवाब प्रतीक्षित है, विश्वविद्यालय की स्थापना की अवधारणा तथा उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए इन प्रस्तावों की पुनरीक्षा हेतु प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय : उपर्युक्त तीनों प्रस्तावों को निक्षेपित मानते हुए प्रत्यावर्तित करने हेतु कुलाध्यक्ष से अनुरोध करने का निर्णय लिया गया।**

मद संख्या–9

**अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय**

1. **विश्वविद्यालय में लागू च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम** (CBCS) **में संशोधन, सामान्य समय–सारिणी** (Common Time Table), **कार्यभार** (Work Load) **का आंकलन एवं कक्षाओं के आबंटन** (Class Space Allocation) **आदि को अकादमिक कैलेंडर की संगति में तैयार करने के लिए गठित समिति की रिपोर्ट विद्या–परिषद के समक्ष प्रस्तुत की गई। विद्या–परिषद ने समिति की रिपोर्ट का अवलोकन कर इसे अनुमोदित किया गया।**

2. **विद्यार्थी प्रतिनिधियों से प्राप्त सुझाव**

अ) विश्वविद्यालय में विनोबा भावे पीठ (चेयर) को निर्माण हो, जिसमें विनोबा की 'जय जगत' की दृष्टि को केंद्र में रखकर शोध कार्य संचालित किए जाएँ।

**निर्णय : विश्वविद्यालय में विनोबा भावे पीठ (चेयर) की स्थापना किये जाने के प्रस्ताव को विद्या–परिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।**

ब) National Institutional Ranking Framework (NIRF) में विश्वविद्यालय अपना स्थान क्यो नहीं बना पाया इसके कारणों की समीक्षा एवं आगामी तैयारी की स्थिति से विद्या–परिषद को अवगत कराया जाए।

**निर्णय : विद्या–परिषद में इस विषय पर चर्चा हुई। कुलपति महोदय ने इस संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा की जा रही कार्रवाई से विद्या–परिषद को अवगत कराया। भविष्य में NIRF में रैकिंग में अच्छा स्थान प्राप्त करने के लिए प्रयत्न करने के संबंध में आश्वस्त किया। इसके लिए समिति का गठन करने के लिए कुलपति को अधिकृत किया।**

कोरोना काल में विश्वविद्यालय द्वारा लिये गये ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन, उसमें आ रही दिक्कतों, इसके निवारण के लिए किये जा रहे उपायों के संबंध में कुलपति महोदय द्वारा विद्या–परिषद को अवगत कराया।

विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2020–21 में 10 से 25 किताबों का अनुवाद करने का निर्णय लिया। प्रो. गोविंद प्रसाद शर्मा द्वारा राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (NBT) से हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया।

प्रो. कुमद शर्मा द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय द्वारा विश्वविद्यालय के अकादमिक गतिविधियों में सहयोग करने का आश्वासन दिया।

प्रो. राजनारायण शुक्ल ने उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान, लखनऊ से प्रकाशन के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की सहायता करने का आश्वासन दिया। उक्त के संबंध में समझौता ज्ञापन करने के लिए कुलपति को अधिकृत किया।

विद्यार्थी प्रतिनिधि श्री ~~गौरव~~ वैभव उपाध्याय ने विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापन पढ़ा। विद्या–परिषद ने इसे संज्ञान में लिया।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई।

क़ादर नवाज़ 20/08/2020

**(क़ादर नवाज़ ख़ान)**

**कुलसचिव एवं पदेन सचिव : विद्या–परिषद**

**म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा**